मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
गोरखपुर

पत्रांक सं0/मा0प्रौ0वि0/कुस0का0/1391/2026 दिनांकः 15 मई, 2026

कार्यालय-आदेश

भारत सरकार के जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश के पत्र पत्रांक DCO-UP-Census 25-2025 दिनांक 06.05.2026 के क्रम में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अन्तर्गत नागरिकों को स्व-गणना (Self- Enumeration) की सुविधा शुरु की गई है। ये सुविधा अधिकारी पोर्टल census.gov.in पर दिनांक 07 मई, 2026 से 21 मई, 2026 तक उपलब्ध है।

इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य को विश्वविद्यालय स्तर पर सुचारु रुप से सम्पन्न कराने, व्यापक जागरुकता कराने और समन्वय स्थापित करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा **उप-कुलसचिव को नोडल अधिकारी नामित** किया जाता है। विवरण निम्नवत् है।

- **नोडल अधिकारी का नामः डॉ0 देवेन्द्र कुमार गोस्वामी**
- **नोडल अधिकारी का मो0 नम्बरः 8923321200**

सभी अधिकारी शिक्षक कर्मचारी और छात्र 21 मई 2026 तक दिये गये पोर्टल पर जाकर अपनी स्वगणना की प्रकिया पूरी करें। स्वगणना के बाद प्राप्त होने वाली SE-ID को सुरक्षित रखे। फील्ड कार्य के द्वौरान घर आने वाले जनगणना प्रगणक (Enumerator) के साथ इसे साझा करना अनिवार्य होगा। स्वगणना से सम्बन्धित गतिविधियों के चित्र अपने निजी व अधिकारिक सोशल मिडिया प्लेटफार्म पर हैशटैग के साथ अवश्य पोस्ट करें।

इस राष्ट्रीय अभियान में शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु आप सभी का सहयोग अत्यन्त महत्वपूर्ण है। किसी भी तकनीकी सहायता व जानकारी के लिए नोडल अधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है।

कुलसचिव

पृष्ठ0सं0 व दिनांक उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. जिलाधिकारी गोरखपुर महोदय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/छात्रावास अधीक्षक/अनुभागीय अधिकारी।
3. उप-कुलसचिव।
4. वेबमास्टर को इस आशय से कि विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. वै0स0 कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
6. कुलसचिव (गार्ड फाइल)।

कुलसचिव
15/05/26